भांग की हिमालयन प्रजाति पर यूटीयू करेगा अध्ययन

■ कैंसर समेत विभिन्न बीमारियों के लिए दवाई तैयार करने की योजना

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून। यूटीयू सेंटर ऑफ हैम्प प्रोसेसिंग एण्ड टैक्नोलाजी डेवेलपमेंट के तत्वावधान में डेल्टा बॉटेनिकल्स एण्ड रिसर्च (भुवनेश्वर) द्वारा औद्योगिक एवं औषधीय भांग की हिमालयन प्रजाति के उपयोग पर अध्ययन करेगा। इसके साथ ही भांग का उपयोग कैंसर स्वास्थ्य, सांस व जोड़ों की बीमारी के इलाज में प्रयोग होने वाली दवा तैयार किये जाने की कार्ययोजना है।

डेल्टा बॉटेनिकल्स एण्ड रिसर्च के विक्रम मित्रा ने बताया कि अध्यन कार्य पूर्ण होने के बाद औद्योगिक एवं औषधीय भांग के बीज का पंजीकरण कराया जायेगा। इससे उत्तराखंड के किसानों को ज्यादा उपज वाली प्रजाति के पंजीकृत बीज मिल सकेंगे। इस प्रक्रिया को यूटीयू में कन्ट्रोल्ड एण्ड कैप्टिव औद्योगिक एवं औषधीय भांग की खेती उत्पादन के लिए रिसर्च एण्ड डेवेलपमेंट तथा तकनीकी का इस्तेमाल विवि के इनक्यूवेशन हब के अन्तर्गत कार्य किया जाएगा।

इसके साथ ही विवि परिसर में नैनो टैक्नोलाजी के इस्तेमाल से दवाईयां बनाये जाने के लिए शोध कार्य किया जाएगा। कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग कर ट्रैकिंग एवं ट्रेसेबिलिटी साफ्टवेयर तैयार कर प्रयोग किये जाने वाले पायलेट प्रोजेक्ट में औद्योगिक एवं औषधीय भांग उत्पादन से प्राप्त होने वाले बीज की जीआई टैगिंग कराई जाएगी।